जलवायु परिवर्तन के खतरों पर होगी चर्चा

नई दिल्ली। दि एनर्जी रिसोर्सेस इंस्टीट्यूट (टेरी) द्वारा दो फरवरी से आयोजित होने वाले दिल्ली सतत विकास शिखर सम्मेलन (डीएसडीएस) में विश्व के कई राष्ट्राध्यक्ष, नीति निर्माता तथा जलवायु वैज्ञानिक जुटेंगे। इसमें जलवायु परिवर्तन के खतरों से आम लोगों को बचाने के उपायों पर चर्चा की जाएगी। इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह करेंगे जिसका विषय है विश्व के आम लोगों का संरक्षण- रियो के 20 साल बाद। टेरी के महानिदेशक एवं इंटर गवर्मेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) के चैयरमैन डॉ. आर.के. पचौरी ने कहा कि सम्मेलन में फिनलैंड के राष्ट्रपति तारजा हलोनेन, सेशल्स के राष्ट्रपति जेम्स एलिक्स माइकल, किरबाती के राष्ट्रपति एनोट टांग हिस्सा लेंगे।